RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 01 जनवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 249 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
(R)
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मनोज सौनिक को केंद्र से नहीं मिला कोई एक्सटेंशन...

## नितिन करीर बने महाराष्ट्र के नए मुख्य सचिव

**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी नितिन करीर को राज्य का अगला मुख्य सचिव नियुक्त किया है। करीर महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और फिलहाल अपर मुख्य सचिव (वित्त) हैं। करीर ने 31 दिसंबर की शाम को पदभार संभाला। उन्होंने वरिष्ठ नौकरशाह मनोज सौनिक की जगह ली है। राज्य सरकार ने मनोज सैनिक के कार्यकाल को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा था।



इसे मंजूरी नहीं मिलने के कारण नितिन करीर को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। करीर को मुख्य सचिव के रूप में चुना गया है, लेकिन उनका कार्यकाल तीन महीने का होगा। वे 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त होंगे। करियर के बाद आईएएस अधिकारी सुजाता सौनिक को मौका मिल सकता है। वे वर्तमान में महाराष्ट्र मेट्रो के एमडी का भी काम देख रहे थे। इसके पहले वह मुंबई के मास्टर प्लान बनाने में शामिल रह चुके हैं।

**तीन माह बढ़ा सकता है कार्यकाल**

करीर 1998 बैच के अधिकारी हैं। वर्तमान में वह वित्त विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। ऐसी संभावना है कि नितिन करीर की सेवानिवृत्ति 31 मार्च को है, इसलिए लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नितिन करीर को तीन महीने का विस्तार दिया जा सकता है। इससे पहले खबरें आई थीं कि राज्य कैबिनेट के कुछ सदस्य नितिन करीर के नाम पर जोर दे रहे थे। सूत्रों ने बताया कि कुछ मंत्रियों ने मुख्य सचिव पद के लिए नितिन करीर को मौका देने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार से चर्चा की थी।

नितिन करीर इससे पहले महाराष्ट्र सरकार के विभिन्न विभागों में काम कर चुके हैं। वह वर्तमान में वित्त विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत थे.

# संजय राउत का दावा

## सीटों के बंटवारे को लेकर महा विकास आघाड़ी के सहयोगियों के बीच खींचतान नहीं...

**मुंबई :** देश में आगामी आम चुनाव के लिए कुछ ही महीनों का समय शेष है। ऐसे में सभी सियासी दल पूरी तैयारियों में जुट गए हैं। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने रविवार को दावा कि लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के सहयोगियों के बीच कोई खींचतान नहीं है।



**'उम्मीदवारों के चयन में जीतने की क्षमता ही मानदंड'**

उन्होंने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी और केंद्र एवं महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेताओं के बीच अच्छी समझ है। राउत ने कुछ दिन पहले कहा था कि उनकी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) माराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 23 पर चुनाव लड़ेगी। इसके बाद कांग्रेस में नाराजगी पैदा हो गई थी। अब उन्होंने कहा है कि उम्मीदवारों के चयन में जीतने की क्षमता ही मानदंड होगा।

**'प्रकाश आंबेडकर के साथ सब कुछ ठीक'**

वंचित बहुजन अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर को एमवीए में शामिल किए जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा, 'हमारे और आंबेडकर के बीच सब कुछ ठीक है। वह एक अच्छे वक्ता हैं और भाजपा के खिलाफ अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करते हैं।'

### 'पीएमओ अब अयोध्या से काम करेगा'

**राउत ने आरोप लगाया कि उद्योगों को महाराष्ट्र से गुजरात ले जाया जा रहा है। लेकिन, केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार में अपनी आवाज उठाने का साहस नहीं है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से कुछ दिन पहले अयोध्या में विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत पर राउत ने तंज कसते हुए कहा कि पीएमओ अब अयोध्या से काम करेगा।**

### 'कुछ नेताओं की गई टिप्पणियों पर न दें ध्यान'

**उन्होंने कहा,' महा विकास अघाड़ी के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर कोई खींचतान नहीं है। हम (शिवसेना-यूबीटी) और दिल्ली के साथ-साथ महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेताओं के बीच अच्छी समझ है। गठबंधन को लेकर कुछ नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों पर ध्यान न दें।' उन्होंने कहा, 'हम अपनी सीटों की सूची के साथ तैयार हैं और उन उम्मीदवारों को टिकट दिया जाएगा जो चुनाव जीतने में सक्षम होंगे।' एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) और कांग्रेस शामिल हैं।**

# रश्मी शुक्ला हो सकती हैं मुंबई की नई पुलिस आयुक्त ?



**मुंबई :** प्रबल संभावना है कि आईपीएस रश्मी शुक्ला हो सकती हैं मुंबई की नई पुलिस आयुक्त, महाराष्ट्र के डीजीपी होंगे आईपीएस विवेक फणसलकर, रजनीश सेठ हुए रिटायर, विवेक फणसलकर के पास है डीजीपी पद का प्रभार, महायुति गठबंधन में नेताओं की भूमिका के कारण प्रतीक्षारत हैं रश्मी शुक्ला ?

# मुंबई पुलिस ने 31 साल बाद पकड़ा 62 साल का फरार आरोपी,

## पहचान बदलकर बसा लिया था परिवार

**मुंबई:** कांदिवली पुलिस ने करीब 31 साल बाद 62 साल एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ एक व्यक्त की हत्या जबकि दूसरे व्यक्ति पर हत्या करने का प्रयास का आरोप है। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम दीपक भिसे है। उसको गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर नालासोपारा से गिरफ्तार किया गया। भिसे के खिलाफ 1989 में राजू चिकना नामक बदमाश की हत्या और धर्मेंद्र सरोज नामक एक अन्य व्यक्ति की हत्या करने का प्रयास का केस दर्ज है। इस मामले में भिसे को 1992 में जमानत मिल गई थी लेकिन वह कभी अदालत में मामले की सुनवाई के लिए उपस्थित ही नहीं हुआ। लगातार अदालत से गैरहाजिर रहने पर भिसे को 2003 में अदालत ने फरार घोषित कर दिया।




**कई बार खाली लौटी पुलिस**

सालों लंबे अर्से के बाद पीएसआई नितिन साटक को जानकारी मिली कि फरार चल रहा दीपक भिसे नालासोपारा में पहचान बदल रह रहा है। इसके बाद साटम ने जाल बिछाया और भिसे को पकड़ लिया। साटम के मुताबिक फरार चल रहे भिसे की तलाश में पुलिस कई बार उसके कांदिवली के तुलस्करवाड़ी स्थित आवास पर जाती रही, लेकिन वहां जांच टीम को कोई नहीं मिलता।





# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## चौथाई सदी बाद

पिछले सप्ताहांत की चौथाई सदी वाली बात पर आगे बढ़ते हुए लंबी अवधि के लिए जताए गए उन पूवार्नुमानों पर नजर डालना सही रहेगा, जिनकी बात इस शताब्दी की शुरूआत में दुनिया कर रही थी। गोल्डमैन सैक्स की विख्यात (कुछ लोग इसे कुख्यात भी कहेंगे) भविष्यवाणी थी कि चार उभरती ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं (ब्राजील, रूस, भारत और चीन) बढ़ते-बढ़ते उन छह अर्थव्यवस्थाओं झ्र अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली (जी-6) से आगे निकल जाएंगी, जो उस समय दुनिया में सबसे बड़ी थीं। वह भविष्यवाणी एक हद तक सही साबित हुई है।

गोल्डमैन ने कहा था कि जी-6 अर्थव्यवस्थाओं के सातवें हिस्से से भी छोटी ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं वृहद स्तर पर बढ़ते हुए 2025 तक उनके आधे आकार की हो जाएंगी। हैरत की बात है कि ब्रिक्स ने यह उपलब्धि पूरे एक दशक पहले यानी 2015 में ही हासिल कर ली। लेकिन उसके बाद से उनकी रफ्तार धीमी पड़ी है। 2025 तक ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाएं जी-6 के कुल आकार की 60 फीसदी तक पहुंच सकती हैं। माना जा रहा था कि मुद्रा का मूल्य बढ़ने से ब्रिक्स के आकार में काफी बढ़ोतरी होगी मगर ऐसा नहीं हुआ है। फिर भी ब्रिक्स समूह ने कुल मिलाकर उस भविष्यवाणी से ज्यादा हासिल कर लिया है। इसकी बड़ी वजह चीन का दमदार प्रदर्शन रहा मगर ब्राजील और रूस ने बुरी तरह निराश किया। रूस को इस समय तक इटली से आगे निकलकर फ्रांस की बराबरी कर लेना था। मगर वह अब भी इन दोनों से छोटा है और ब्राजील का भी यही हाल है। इनमें भारत भविष्यवाणी के सबसे करीब पहुंचा है। इसकी अर्थव्यवस्था 2000 में जी-6 अर्थव्यवस्थाओं के कुल आकार की 2.4 फीसदी थी।

पूवार्नुमान के मुताबिक 2023 तक इसे तीन गुना से ज्यादा होते हुए 8.5 फीसदी तक पहुंचना था। भारतीय अर्थव्यवस्था वास्तव में जी-6 की 8.4 फीसदी हो गई है। ज्यादातर लोग अब मानने लगे हैं कि चौथाई सदी ब्रिक्स की कम और भारत-चीन की ज्यादा रही। दिलचस्प है कि भारत की वृद्धि दर 2025 तक चीन की दर से आगे निकलने और उसके बाद और भी आगे जाने की बात कही गई थी, जो बाकी भविष्यवाणियों की तुलना में ज्यादा सटीक निकली। गोल्डमैन ने चार कारकों को ब्रिक्स अर्थव्यवस्थाओं के प्रदर्शन की बुनियाद बताया था: वृहद आर्थिक स्थिरता, पूरी दुनिया को व्यापार और निवेश के मौके देना, मजबूत संस्थाएं और अच्छी शिक्षा। इन चार में से भारत केवल आर्थिक कसौटी पर ही खरा नहीं उतरा, उसने राजनीतिक स्थिरता हासिल की, खुद को पूरी दुनिया के लिए ज्यादा सुगम (कुछ मामलों में कदम वापस भी लिए) बनाया, अपनी आर्थिक संस्थाओं को मजबूत बनाया मगर राजनीतिक संस्थाओं का कुछ क्षरण हुआ और साक्षरता की दर सुधारने के साथ उच्च शिक्षा को भी बेहतर बनाया। यह बात अलग है कि साक्षरता और उच्च शिक्षा के मोर्चों पर अभी सुधार की काफी गुंजाइश है। न तो रूस और न ही ब्राजील ऐसे दावे कर सकता है और चीन अपनी राह पर ही आगे बढ़ा है। भारत निस्संदेह इन सभी में सबसे गरीब देश है मगर भविष्य के लिहाज से सबसे ज्यादा संभावनाएं भी इसी में हैं, जैसा गोल्डमैन ने कहा था। इस सदी के अगले 25 वर्षों को देखें तो स्थिति मोटे तौर पर ऐसी ही रहेगी, जिसमें भारत को और प्रमुखता मिलेगी। रूस ने प्रतिबंधों का फौरी असर तो झेल लिया है मगर उसके उत्पादों के लिए कुछ प्रमुख बाजारों के दरवाजे बंद हो गए हैं और भविष्य में उसे तकनीक नहीं मिलने से भी तकलीफ होगी।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# अल्पसंख्यको के हितों की रक्षा के लिए नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधान मंत्री बनना आवश्यक ...... डॉ हैदर अब्बास चांद

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** बीजेपी नेता तथा राज्य अल्प संख्यक आयोग सदस्य डॉ. हैदर अब्बास चांद 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर स्थापित किए जाने वाले जनसंपर्क अभियान के तहत एक सप्ताह से महाराष्ट्र दौरे पर हैं । हैदर ने बताया की देश में महाराष्ट्र वह प्रदेश है जो उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व करने के साथ इसे भारत की आर्थिक राजधानी होने का भी गौरव प्राप्त है । महाराष्ट्र प्रदेश के लोकसभा में 48 प्रतिनिधि हैं । ऐसी ही अन्य बहुतेरी खूबियां हैं जो महाराष्ट्र को अत्यधिक महत्वपूर्ण बनाती है ।



हैदर ने आगे जानकारी देते हुए बताया की हमारे बीजेपी परिवार के मुखिया और मार्गदर्शक नरेंद्र मोदी और देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में मैं जन संपर्क कर अल्पसंख्यकों के हित में हमारी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से समाज को अवगत कराने और उन्हें पार्टी से जोड़कर नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनाने का संकल्प लिया हैं ।

हैदर ने यह भी जानकारी दी की देश का सूफी समाज भी श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने के लिए संकल्पबद्ध है ।हैदर ने रिजवी को बताया की देश की उन्नति और विकास तथा अल्प संख्यकों के उत्थान और उनके हितों की रक्षा के लिए मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना अति आवश्यक है मैं इसी उद्देश के तहत पूरे महाराष्ट्र का भ्रमण कर जन संपर्क स्थापित कर रहा हूं ।

## मानखुर्द-शिवाजीनगर निर्वाचन क्षेत्र मे हर्षोउल्हास से भव्य कलश यात्रा निकाली गई



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** नव वर्ष की पूर्व संध्या मे मानखुर्द के पीएमजीपी कॉलोनी से लेकर तीस फिट रोड़ इंदिरानगर, जनता नगर हनुमान मंदीर, गणेश मंदीर तक बड़ी संख्या मे महिलाओ की कलश यात्रा ढोल ताशों के बीच धार्मिक माहौल मे निकाली गई।

जाने पांच अंतर्गत आने वाले विभिन्न मानखुर्द पोलिस स्टेशन, शिवाजीनगर स्टेशन के भारी पोलिस बंदोबस्त के बीच बैंगन वाडी से लेकर शिवाजी नगर सिग्नल,गौतमनगर तक पोलिस कर्मियों की तैनाती के बीच कलश यात्रा निकाली गई ।इस अवसर पर इलाके के प्रभूतजनों ने कार्य क्रम को कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जाने पांच के डीसीपी हेमराज राजपूत के मार्गदर्शन मे संबंधित विभिन्न पोलिस स्टेशनों के सीनियर पी आई ने अपने सहकर्मी पोलिस कर्मियों के साथ मिलकर अहम भूमिका निभाई।

## 1000 करोड़ के घोटाले में ६ महीने बाद दंपत्ति गिरफ्तार



**मुंबई:** घोटालेबाज दंपत्ति ब्लिस कंसल्टेंट्स के निदेशक अशेष मेहता और शिवांगी लाड मेहता को आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपियों पर 6000 से ज्यादा निवेशकों से 1000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। इस मामले में पूर्व विधायक कृष्णा हेगड़े पिछले छह महीने से लगातार इस घोटाले को आगे बढ़ा रहे हैं. पूर्व विधायक हेगड़े मामला दर्ज कराने वाले पहले शिकायतकर्ता थे और बाद में यही मामला आर्थिक अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया था। हेगड़े के बाद इस मामले में 151 शिकायतकताओं ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी.

इस मामले में शिकायतकताओं को विदेशों से यौन हिंसा और जान से मारने की धमकी वाले फोन आ रहे हैं. अशेष मेहता से यह वचन देने को कहा गया है कि वह निवेशकों का पैसा चरणों में चुकाएंगे। आरोपी मेहता और उनकी पत्नी पर एमपीआईडी अधिनियम और अन्य आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। अशेष मेहता और शिवांगी लाड मेहता को देश से भागने से रोकने के लिए ब्लिस कंपनी के फंड को फ्रीज कर दिया गया है।

# ७वीं राष्ट्रीय एलीट महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में सीनियर मुक्केबाजी वर्ग में जीता कांस्य पदक

## सांसद गोपाल शेट्टी ने मुक्केबाज सिमरन वर्मा का किया सम्मान

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** महाराष्ट्र मुंबई की बेटी सिमरन वर्मा (१९) ने ग्रेटर नोएडा में २२ से २७ दिसंबर, २०२३ तक आयोजित ७वीं राष्ट्रीय एलीट महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में सीनियर मुक्केबाजी वर्ग में अपनी पहली भागीदारी में कांस्य पदक (52 किग्रा) जीता। सिमरन इस टूनार्मेंट में महाराष्ट्र से एकमात्र पदक विजेता रही । उनके इस प्रदर्शन के आधार पर उन्हें पुणे आर्मी सेंटर में ३ महीने के लिए आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए भी चुना गया है।इसका श्रेय उनकी बेसिक कोच हरियाणा की प्रतिभा जाखड़ और महाराष्ट्र की कोच कृष्णा सोनी को भी जाता है। बताते है की उत्तर मुंबई सांसद गोपाल शेट्टी भी उनके हर आवश्यक सहयोग के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहे। इस हेतू विशेष रूप से सिमरन वर्मा सांसद को मिली और अपने ब्रॉन्ज मेडल की खुशी को सांसद के साथ साझा किया। वहीं सांसद गोपाल शेट्टी ने पुष्पगुच्छ शाल से मुक्केबाज चैंपियन सिमरन वर्मा का सत्कार किया। एक सच्ची चैंपियन, सिमरन ने जूनियर बॉक्सर के रूप में भाग लेते हुए महाराष्ट्र के लिए ६ स्वर्ण पदक जीतकर लगातार रिंग में अपनी योग्यता साबित की है ।इतना ही नही राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेते हुए एक स्वर्ण, रजत और कांस्य भी जीता है।७ साल की छोटी उम्र में मुक्केबाजी शुरू करने वाली सिमरन, जो बहुत ही सामान्य शुरूआत से थी, ने अपने धैर्य और दृढ़ता के कारण निरंतर और निरंतर विकास किया है। उल्लेखनीय तौर पर जूनियर और यूथ बॉक्सर के रूप में भाग लेते हुए अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी श्रेणी में २ रजत पदक जीतने के बाद, सिमरन ने अब और भी बड़े मंचों पर अपनी नजरें जमा ली हैं, जहां वह भारत को गौरवान्वित करना चाहती है। प्रसार मध्यामो से बातचीत करते हुए सांसद शेट्टी ने सिमरन वर्मा को युवा पीढ़ी की प्रेरणा स्त्रोत बताया है तथा आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामना दिया।






# मुंबई के मलाड में छोटे भाइयों ने बड़े भाई की कर दी हत्या !




**मलाड :** मलाड और मालवणी में दो घटनाओं में छोटे भाइयों ने बड़े भाइयों की हत्या कर दी. मृतकों की पहचान डेमियन मार्कोस डिसा और जॉय जॉन पॉल के रूप में हुई है। इस संबंध में बांगुरनगर और मालवणी पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं। इनमें से एक मामले में एक भाई जोश जॉन पॉल को मालवणी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. वरिष्ठ निरीक्षक प्रमोद तावड़े ने कहा कि दूसरे अपराध का आरोपी भाई ड्रेसन डिसा भाग गया है और उसकी तलाश की जा रही है. डेमियन डिसा अपने भाई के परिवार के साथ मलाड के पद्मनगर में रहते थे। चिकित्सीय कारणों से, ड्रेसन ने अपनी संपत्ति बेचने का फैसला किया और डेमियन ने उसका विरोध किया। इसी बात को लेकर शुक्रवार को दोनों के बीच बहस हुई और ड्रेसन ने डेमियन के सिर पर फंदा मारकर उसकी हत्या कर दी। दूसरी घटना में, दो भाई, जॉय और जोश, मालवणी में साईदर्शन सोसाइटी चाली में रहते थे। शुक्रवार की देर रात, जॉय नशे में घर आया और पैसों को लेकर जॉय से उसकी बहस हो गई। बहस के परिणामस्वरूप जोश ने जॉय को जमीन पर गिरा दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से जॉय की मौत हो गई।

# नए साल की पूर्व संध्या पर मुंबई में हुई रेव पार्टी, पुलिस ने 100 लोगों को हिरासत में लिया



**ठाणे :** नए साल के स्वागत को लेकर हर तरफ उत्साह है वहीं ठाणे में बड़ी कार्रवाई की गई है. घोड़बंदर इलाके के गायमुख में एक रेव पार्टी का आयोजन किया गया था. पुलिस ने पार्टी पर छापा मारकर 95 युवकों को हिरासत में ले लिया. इसमें पांच महिलाएं शामिल हैं. पुलिस ने कहा कि पार्टी अवैध रूप से आयोजित की गई थी और वहां नशीली दवाओं का सेवन किया गया था। पुलिस के मुताबिक, दो युवा आयोजकों ने अवैध तरीके से पार्टी का आयोजन किया था. उन्हें हिरासत में लिया गया है. पार्टी से एलएसडी, हशीश, एक्स्टसी गोलियां और मारिजुआना जब्त किया गया। पुलिस अधिकारी आशुतोष डुंबरे ने 21 दिसंबर को ठाणे पुलिस आयुक्त के रूप में पदभार संभाला, उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा। यह ठाणे पुलिस की अपराध जांच शाखा को मिला था. इस सूचना के आधार पर यूनिट 5 की पुलिस टीम आधी रात को मौके पर पहुंची. पार्टी गायमुख के खाड़ी क्षेत्र में भरकर बनाई गई खुली जगह पर आयोजित की गई थी। यह क्षेत्र कासारवडवली पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है।

पुलिस ने बताया कि पार्टी में 19 से 20 साल के युवा शामिल थे। उन्होंने ड्रग्स और शराब का सेवन किया था. साथ ही जोर-शोर से गाना-बजाना भी हुआ। पुलिस ने 200 ग्राम गांजा, 70 ग्राम हशीश, 0.40 ग्राम एलएसडी और एक्स्टसी गोलियां जब्त की हैं। अपराध जांच विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंजाबराव उगले ने कहा कि हमने 90 पुरुषों और 5 महिलाओं को हिरासत में लिया है। उनकी मेडिकल जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

हिरासत में लिए गए युवक ठाणे, मीरा रोड, पालघर, कल्याण, डोंबिवली और नवी मुंबई के रहने वाले हैं। प्रारंभिक जांच में डोंबिवली निवासी तेजस कुणाल (23) और ठाणे के कलवा निवासी सुजल महाजन (19) पर पार्टी आयोजित करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने 500 रुपये प्रवेश शुल्क लेकर उक्त पार्टी का आयोजन किया था। दोनों संदिग्धों ने दोनों पार्टियां शुरू होने से दो घंटे पहले फेसबुक और इंस्टाग्राम पर पार्टी का पता और जानकारी पोस्ट की थी। पुलिस इस बात की जानकारी जुटा रही है कि इस पार्टी में ड्रग्स की सप्लाई किसने की थी. पुलिस ने कहा कि भारतीय दंड संहिता और एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग की पैनी नजर... पालघर जिले में चार भरारी दस्तों की नियुक्ति!



**वसई:** 31 दिसंबर और नए साल की पूर्व संध्या पर अवैध रूप से शराब की बिक्री और परिवहन किया जाता है। ऐसे मामलों को रोकने के लिए पालघर जिले का आबकारी विभाग कड़ी नजर रखेगा। जिले में चार भरारी टीमें नियुक्त की गई हैं। दिसंबर महीने की शुरूआत से ही लोग नए साल के स्वागत का इंतजार करते हैं। इस मौके पर होटल, रिसॉर्ट, फार्म हाउस जैसी कई जगहों पर पार्टियों का आयोजन किया जाता है। इसमें अल्कोहल भी काफी मात्रा में होता है इसलिए अल्कोहल का भी प्रयोग किया जाता है। इसके लिए शराब का लाइसेंस प्राप्त किए बिना अवैध शराब का परिवहन कर विभिन्न स्थानों पर बेचा जाता है। इसके अलावा कभी-कभी चूंकि सिलवासा और दमन इलाके में शराब सस्ती मिलती है, इसलिए वे गुप्त तरीकों से शराब के इस स्टॉक को शहर में लाने की कोशिश करते हैं। इसे रोकने के लिए टोल बूथों और अन्य स्थानों पर वाहनों की निगरानी और जांच की जाएगी. इसके लिए कार्यपालक पदाधिकारी व जवानों की चार टीमें बनायी गयी है. पालघर जिला उत्पाद शुल्क विभाग ने जानकारी दी है कि ये टीमें आठ तालुकाओं के विभिन्न इलाकों में नाकाबंदी करेंगी और औचक गश्त करेंगी और किसी भी संदेह से बचने के लिए सादे कपड़ों में भी अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**सीमावर्ती इलाकों से आने वाली शराब पर फोकस**

यह सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा कि गुजरात राज्य में शराब की अवैध रूप से तस्करी नहीं की जाएगी और केंद्र शासित प्रदेश दमन, दादरा नगर हवेली से महाराष्ट्र राज्य में शराब की अवैध रूप से तस्करी नहीं की जाएगी।

**वसई के समुद्रतट पर जन जागरूकता**

बिना लाइसेंस और अवैध शराब की बिक्री को रोकने और कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए वसई तालुका के नवापुर, राजोदी, अनार्ला, कलांबा याथिकन के तटीय इलाकों में यह जनजागरण किया गया है।

# 'ये मत सोचिए 2024 में जीत तय है...', देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी कार्यकताओं को क्यों दी यह नसीहत?




**मुंबई:** देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी वर्कर्स से गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी कहा. फडणवीस ने कहा कि समाज के इन चार वर्गों को नरेंद्र मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभ हुआ है. उन्होंने कहा कि जाति संबंधी मुद्दे बहुत हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को जाति के बारे में नहीं सोचना चाहिए.

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2024 से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं को जगाने का प्रयास करते हुए उन्हें अपनी जीत को लेकर आत्ममुग्ध नहीं रहने और 2024 के लोकसभा चुनावों को गंभीरता से लेने की नसीहत दी है. उन्होंने पार्टी वर्कर्स को चेतावनी दी कि उन्हें यह सोचकर जमीन पर काम करना बंद नहीं करना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी की जीत निश्चित है. भाजपा की राज्य कार्यकारिणी की एक बैठक में बोलते हुए देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि उन्हें आम आदमी और गरीबों से जुड़ना चाहिए जो भाजपा के 'वोट-बैंक' हैं. इस बैठक में महाराष्ट्र भाजपा के पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों ने भाग लिया. उन्होंने कहा, 'यह कहकर प्रयास करना बंद न करें कि हमारी जीत निश्चित है. टिकट किसे मिलेगा इसकी चिंता न करें'.

देवेंद्र फडणवीस ने बीजेपी वर्कर्स से गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी कहा. फडणवीस ने कहा कि समाज के इन चार वर्गों को नरेंद्र मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभ हुआ है. उन्होंने कहा कि जाति संबंधी मुद्दे बहुत हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को जाति के बारे में नहीं सोचना चाहिए.

# नए साल की स्वागत पार्टियों के लिए हो रही थी ड्रग्स की तस्करी... डेढ़ करोड़ की ड्रग्स जब्त



**वसई:** नए साल की पार्टियों के लिए ड्रग्स की तस्करी होने लगी है. हाल ही में, नए साल की पूर्व संध्या पर, एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड ने दो नाइजीरियाई ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया और तस्करी की प्रकृति का खुलासा किया। इसमें पुलिस ने मेफेड्रोन और कोकीन समेत करीब डेढ़ करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की है. नए साल के स्वागत के लिए 31 दिसंबर की रात को शहर में विभिन्न स्थानों पर विशेष पार्टियों का आयोजन किया जाता है। कुछ स्थानों पर शराब पीने के साथ-साथ नशीली दवाओं का भी प्रयोग होता है। इसलिए, नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए मीरा-भाईंदर, वसई-विरार आयुक्तालय की सीमा के भीतर नशीले पदार्थों की खरीद और बिक्री पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

हाल ही में, जब मादक द्रव्य निरोधक दस्ता नालासोपारा इलाके में गश्त कर रहा था, तब पुलिस ने नालासोपारा पूर्व के प्रगतिनगर इलाके में दो नाइजीरियाई नागरिकों को इस संदेह पर गिरफ्तार किया कि वे मादक पदार्थ खरीदने और बेचने आए थे। जब उनके बैग की जांच की गई तो 1 करोड़ 10 लाख 88 हजार रुपये कीमत की 554.4 ग्राम वजनी मेफेड्रोन (एमडी) और 36 लाख 12 हजार रुपये कीमत की 120.4 ग्राम वजनी कोकीन जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 1 करोड़ 47 लाख रुपये है। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# हुक्का पार्लर पर पुलिस की छापेमारी



**नवी मुंबई:** तुर्भे एमआईडीसी पुलिस ने मंगलवार आधी रात को तुर्भे में अवैध हुक्का पार्लर के खिलाफ कार्रवाई की है. इस कार्रवाई में पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है और जरूरी सामग्री जब्त कर ली है. तुर्भे एमआईडीसी पुलिस को सूचना मिली कि ठाणे-बेलापुर मार्ग पर तुर्भे में अरिहंत टॉवर की दूसरी मंजिल पर गुप्त रूप से हुक्का पार्लर चलाया जा रहा है। इसके मुताबिक, पुलिस टीम ने मंगलवार आधी रात करीब साढ़े 12 बजे छापेमारी की. इसी दौरान कुछ लोग हुक्का पीते हुए पाए गए। इसलिए, पुलिस ने हुक्का पीने के लिए जरूरी सामग्री जब्त कर ली है. चैतन्य भोसले (31), जावेद पठान (19), मोहम्मद कुरेशी (32), अनिरुद्ध खवले (21) के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।




## पुलिस द्वारा बेरोजगारों का कल्याण...



**नवी मुंबई:** नवी मुंबई पुलिस ने नवी मुंबई पुलिस बल के साथ-साथ अन्य पुलिस इकाइयों में सेवारत या सेवानिवृत्त और मृत पुलिस अधिकारियों, प्रवर्तकों के बच्चों को रोजगार के नए अवसर प्रदान किए हैं। इसके तहत आयोजित सभा में 167 लोगों को नौकरी मिली है. इनमें से 10 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है. नवी मुंबई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे की संकल्पना पर नवी मुंबई पुलिस कल्याण शाखा द्वारा पहली बार नेरुल के एग्री कोली भवन में पुलिस कल्याण रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस सभा के लिए नौकरी चाहने वाले 2,079 पुलिस कैडेटों ने पंजीकरण कराया था। उनमें से 915 पुलिसकर्मी असल में इस सभा में मौजूद थे. इसमें अनुभवी उम्मीदवार शामिल थे. इस सभा में मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई की कुल 55 कंपनियों ने भाग लिया था।

# छत्रपति संभाजीनगर की फैक्ट्री में लगी आग, झुलसने से छह लोगों की मौत!

## मुख्यमंत्री शिंदे ने जताया दुख... पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख का मुआवजा



**मुंबई :** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर की एक फैक्ट्री में देर रात भीषण आग लगने से छह श्रमिकों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही पीड़ित परिवारों की मदद के लिए पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया।

**मुआवजे का एलान**

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को प्रत्येक पीड़ित परिवारों के पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायत मुहैया कराने का निर्देश दिया है, जबकि घायलों के इलाज का खर्च भी सरकार ही उठाएगी।

मुख्यमंत्री शिंदे ने श्रमिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया है। अधिकारियों के मुताबिक, आग पर रविवार तड़के साढ़े तीन बजे काबू पाया जा सका।

### फैक्ट्री में कितने श्रमिक थे?

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, वालुज औद्योगिक क्षेत्र में हैंड ग्लव्स बनाने वाली सनशाइन एंटरप्राइजेज इकाई में देर रात एक बजे भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में जिस वक्त आग लगी उस वक्त वहां पर 13 श्रमिक सो रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, 13 में से सात श्रमिक टिन की छत को तोड़कर आग से बचने में कामयाब रहे, जबकि छह श्रमिकों की मौत हो गई।

## सायन पनवेल राजमार्ग खस्ताहाल है... नगर पालिका का लोक निर्माण विभाग को पत्र...

**मुंबई:** सायन पनवेल राजमार्ग खस्ताहाल है और इस मार्ग पर सड़क के डिवाइडरों और फुटपाथों की मरम्मत और पेंटिंग की जानी चाहिए या इस सड़क को मुंबई नगर निगम को हस्तांतरित किया जाना चाहिए, मुंबई नगर निगम प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है। साथ ही, नगर निगम प्रशासन ने प्रभागीय वन अधिकारियों से इस राजमार्ग के किनारे कंडाल जंगल की सुरक्षा के लिए सुरक्षात्मक बाड़ लगाने का भी अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेशानुसार मुंबई नगर निगम ने पूरे मुंबई में स्वच्छता अभियान चलाया है. इस अभियान के तहत पिछले सप्ताह अपर नगर आयुक्त डॉ. सुधाकर शिंदे ने मानखुर्द इलाके का दौरा किया. इस समय शिव-पनवेल राजमार्ग पर उन्हें मानखुर्द टी जंक्शन से वाशी टोल गेट तक के क्षेत्र में बड़ी मात्रा में



गंदगी मिली. इस संबंध में डॉ. शिंदे ने उपायुक्त हर्षद काले और सहायक आयुक्त (एम पूर्व) अलका ससाने के माध्यम से एम पूर्व डिवीजन के सहायक अभियंता की छुट्टी तत्काल रद्द करने और क्षेत्र को कचरा मुक्त बनाने का आदेश दिया। साथ ही, शिव-पनवेल राजमार्ग की यांत्रिक सफाई के लिए जिम्मेदार ठेकेदार को लापरवाही के लिए 2 लाख रुपये के जुमार्ने के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। वहीं, इस क्षेत्र में अवैध रूप से मलबा डंप करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ भी थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है.

# बेडशीट की आड़ में एयर कार्गो में विदेशी सिगरेट की तस्करी...

## 16 लाख की विदेशी सिगरेट जब्त, दलाल गिरफ्तार



**मुंबई:** राजस्व खुफिया निदेशालय ने एयर कार्गो के जरिए बेडशीट के नाम पर विदेशी सिगरेट की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया है. इस कार्रवाई में करीब 16 लाख विदेशी सिगरेट जब्त की गई हैं. इनकी कीमत ढाई करोड़ रुपये है. इस मामले में कस्टम ब्रोकर को डीआरआई ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया. इससे पहले डीआरआई ने न्हावा शेवा बंदरगाह पर एक कंटेनर से 6 करोड़ रुपये की सिगरेट जब्त की थी. गिरफ्तार आरोपी का नाम कालूराम कोकणे है और वह मुंबई के असल्फा गांव इलाके का रहने वाला है. दुबई से एक पार्सल मुंबई के एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में पहुंचा। दस्तावेज में बताया गया कि इसमें एक चादर है. शनिवार को सामग्री के निरीक्षण से पता चला कि उनमें विदेशी सिगरेट थीं। मौके से 2 करोड़ 40 लाख रुपये कीमत की 15 लाख 86 हजार 960 सिगरेट जब्त की गईं. उन सिगरेटों की सारी कागजी कार्रवाई सीमा शुल्क दलाल कालूराम कोंकणे के माध्यम से की गई थी। उन्हें डीआरआई ने पूछताछ के लिए बुलाया था। एक कंपनी के आयात-निर्यात नंबर से सिगरेट की तस्करी की गई थी. मुख्य आरोपी की तलाश जारी है. लेकिन कोकेन को पता था कि बेडशीट के नाम पर सिगरेट की तस्करी की जा रही है. इसलिए उन्होंने प्रति किलो 100 रुपये अधिक वसूले. जांच में पता चला कि आरोपियों से एडवांस में 70 हजार रुपये मिले थे। बताया गया है कि ये सिगरेट चीन से दुबई और दुबई से मुंबई आती थी। डीआरआई इसकी पुष्टि कर रही है. इस मामले के मुख्य आरोपी के बारे में जानकारी मिल गई है और उसकी तलाश जारी है.

# घरों में चोरी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार... 4 वारदातों का खुलासा



**नवी मुंबई:** वाशी पुलिस ने चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और पता चला है कि वह कुख्यात शिकलगर गैंग से है. इनकी गिरफ्तारी से 4 वारदातें सुलझ गई हैं और पुलिस 12 लाख 30 हजार 430 रुपए का माल जब्त करने में सफल रही है. आरोपी एक सराय का मालिक है और उसे पहले हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा घर में चोरी, वाहन चोरी, हत्या, हत्या का प्रयास जैसे कई अपराध उसके नाम पर हैं। गिरफ्तार आरोपी का नाम ससपाल सिंह उर्फ पापा तारा सिंह कालानी है. इसी गैंग ने वाशी में रहने वाले अश्विनी प्रसाद के घर से सोने-चांदी के गहने चुराए थे. वादी द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, वाशी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था। इस अपराध की जांच के लिए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत चांडेकर द्वारा एक टीम नियुक्त की गई थी। उनमें सहायक पुलिस निरीक्षक पवन नंद्रे, सत्यवान बिले पुलिस कांस्टेबल चिकने, वारिंगे, पुलिस नायक चंदन मस्कर, संदीप पाटिल, ठाकुर पुलिस कांस्टेबल अमित खाड़े शामिल थे। इस टीम द्वारा जांच के दौरान, अपराध स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई और आरोपियों की पहचान करने के लिए नवी मुंबई और ठाणे इलाकों के पुलिस स्टेशनों के रिकॉर्ड की जांच की गई। साथ ही, चूंकि आरोपी अपराध को अंजाम देते समय मास्क और दस्ताने पहनकर घटनास्थल पर आए थे, इसलिए उन्हें पहचानना बहुत मुश्किल था। साथ ही जांच में पता चला कि उक्त आरोपी ने वारदात को अंजाम देते वक्त सफेद रंग की जेन कार का इस्तेमाल किया था. उसमें एक समस्या थी. आरोपियों द्वारा वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई गाड़ियां कुछ दूरी के बाद बदल रही थीं। इसलिए इसका पता लगाना मुश्किल था।

हालांकि, घटना स्थल और आरोपी के भागने वाले रास्ते के करीब 350 से 400 सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की गई. ये प्रयास सफल रहे और इस बात की पुख्ता जानकारी मिल गई कि कलानी कहां रहते हैं. यह भी पता चला कि आरोपी शिकलगर नाम से कुख्यात गैंग का मास्टरमाइंड था. आरोपी के घर के आसपास दो दिनों तक भेष बदलकर जाल बिछाया गया और बड़ी मुश्किल से उसे हिरासत में लिया गया. आरोपी हत्या के आरोप में 2022 में जेल से छूटा था. इसके अलावा 2015 में वाशी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक घर में चोरी के दौरान एक महिला के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर हत्या कर दी गई थी. यह बात भी सामने आई कि इस अपराध में कलानी शामिल था. वाशी में अपराध में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल, साथ ही चोरी में इस्तेमाल किए गए हथियार और कारों की विभिन्न फर्जी नंबर प्लेटें जब्त की गईं।

## पालघर में एसटी से टकराया डंपर, एक की मौत... 23 घायल




**पालघर :** मनोर विक्रमगढ़ मार्ग पर एक खाली डंपरने शिरडी पालघर एसटी बस के चलने के दौरान हुई दुर्घटना में एक छोटे बच्चे की मौत हो गई और 23 यात्री घायल हो गए और चार की हालत गंभीर है। विक्रमगढ़ से मनोर आ रही राज्य परिवहन मंडल की बस को दोपहर करीब एक बजे मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग से छह किलोमीटर दूर बोरंदा ग्राम पंचायत क्षेत्र में एक डंपर ने टक्कर मार दी। कुछ मरीजों को दहानू तालुका के धुंदलवाड़ी में वेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है और एक की हालत गंभीर है। कुछ अन्य मरीजों को मनोर के आस्था प्राइवेट अस्पताल और कुछ को मनोर के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मनोर के पूर्वी हिस्से में भोपोली क्षेत्र से मुरम, मिट्टी और पत्थर की खुदाई की जाती है और राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए भारी वाहनों द्वारा आपूर्ति की जाती है। भारी परिवहन वाहन तेज गति से चल रहे हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com